# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
## बिहार लोक भवन, पटना–800022

*संख्या–17/2026*

## प्रेस–विज्ञप्ति

### बिहार लोक भवन में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं चंडीगढ़ दिवस का आयोजन किया गया

**पटना 01 फरवरी, 2026** :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने बिहार लोक भवन, पटना में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं चंडीगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोकभवन में विभिन्न राज्यों की स्थापना दिवस का आयोजन हमारे देश की उस बहुधा, विविधता और अनेकता का उत्सव है जिससे मिलकर भारत एक बनता है।

राज्यपाल ने कहा कि 'भारत' शब्द में 'भा' का अर्थ 'आलोकित होना' है। यह आलोक ज्ञान का है। आदिकाल से भारत की संस्कृति ज्ञान की संस्कृति रही है। विविधता को हम बर्दाश्त नहीं करते हैं, बल्कि हम उसे स्वीकार करते हैं और इसका सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत के सभी राज्यों की विरासत हमारी ही विरासत है, भले ही हमारा जन्म किसी भी राज्य में हुआ हो। बहुधा की पूर्ण स्वीकार्यता से ही हमारी भारतीयता भी पूर्ण होती है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत में जन्म लेना दुर्लभ माना गया है। श्री अरविन्द का मानना था कि हमारी भारतमाता पृथ्वी का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि दिव्य शक्ति है। यह सारे राज्यों से बना है। भारत एक विचार है, सभ्यता है, जीवन शैली है। भारत की सभ्यता और संस्कृति इसे परिभाषित करती है।

राज्यपाल ने रिलिजन और धर्म के बीच अंतर बताते हुए कहा कि भारत का रिलिजन आध्यात्मिकता है। दुनिया की प्रथम पुस्तक ऋग्वेद की ऋचा ''एकं सद् विप्रा बहुधा वदंति'' के उद्घोष के साथ हमारी सभ्यता की यात्रा शुरू होती है। इसका तात्पर्य है कि सत्य एक है लेकिन उसे कई रूपों में देखा और माना जाता है।

पंजाब, हरियाणा आदि राज्यों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में इन्होंने महती भूमिका निभाई है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर इन राज्यों की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम को एन०सी०सी० निदेशालय, बिहार एवं झारखंड के अपर महानिदेशक मेजर जनरल श्री ए०एस० बजाज, एन०आई०टी०, पटना में पढ़नेवाले हरियाणा एवं चंडीगढ़ के छात्र–छात्राओं, पंजाबी बिरादरी के अध्यक्ष श्री दिलजीत खन्ना तथा पंजाबी बिरादरी के लेडिज विंग की अध्यक्ष श्रीमती उमा सिंह ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती रेशमा आरिफ, पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश श्री न्यायमूर्ति अनिल कुमार सिन्हा, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली एवं चंडीगढ़ राज्य के छात्र–छात्राएँ, इन राज्यों के अन्य महानुभाव, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

..........................................